तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 सितंबर 2024

11 सफलता के लिए लगातार प्रयास से आता है बदलाव


12 कारगिल के शहीद दुर्वासा की शहादत को याद कर...




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

# दो दिन की बारिश ने किसानों को पहुंचाई राहत, खिले उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो दिनों की बारिश के बाद किसानों को राहत मिली और उनके चेहरे खिल उठे। खेतों में पानी का भराव नजर आने लगा है।बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी। जिले में बीते कुछ दिनों से खंड वर्षा के साथ ही खेतों में पानी की कमी नजर आ रही थी। जिसके कारण किसानों की मांग पर फसलों को बचाने के लिए प्रमुख जलाशय सहित वैकल्पिक बांध और नदी नालों के माध्यम से सिंचाई कर रहे थे।

जिले में अधिकतर किसान बरसात के मौसम में धान की खेती करते हैं। किसान मौसमी बारिश पर आश्रित रहते हैं। वर्तमान में धान की फसल अब गर्भावस्था में है। हरुणा किस्म की धान में बालियां आना प्रारम्भ हो चुकी है। जिसके कारण खेतों में उचित मात्रा में पानी का भराव होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। यदि खेतों में पानी की कमी होगी तों इसका सीधा असर धान की बालियों में नजर आएगा। जिससे धान के उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

वहीं बीते कुछ दिनों से जिले में बारिश नहीं होने के कारण खेत सूख चुके थे। किसानों की मांग पर फसलों को बचाने के लिए जलाशयों से पानी छोड़ा गया था। जिससे सिंचित क्षेत्र के खेतों में पर्याप्त पानी दिया जा रहा था। असिंचित क्षेत्र के किसान बारिश नहीं होने के कारण खेतों की हालात देखकर बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे थे। लेकिन दो दिनों की बारिश के बाद असिंचित क्षेत्र के किसान भी राहत की सांस लें रहें है।

## वैकल्पिक स्त्रोतों से किसान कर रहे थे सिंचाई



### ये बारिश हमारे लिए वरदान

नारागाँव निवासी हेमलाल साहू ने बताया कि दो दिनों की बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। यदि वर्तमान समय में पर्याप्त बारिश नहीं होती तों पठारी क्षेत्र में लगे हरुणा किस्म के धान पानी की कमी के कारण बर्बाद हो जाते। लेकिन उचित समय में बारिश होने से धान के फसल बर्बाद होने बच गए। किसान ऐनूराम साहू ने बताया कि खेतों में पानी की कमी नजर आने लगी थी। जिसके कारण किसान बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे थे। लेकिन दो दिनों के बारिश के बाद खेत लबालब नजर आने लगे हैं, वहीं जो धान कड़ियाने लगा थे वे अब जल्द ही निकल जाएंगे।

## कार्रवाई : व्यापारियों में हड़कंप, कुछ के भूमिगत होने की चर्चा

# सेंट्रल जीएसटी की विनय एजेंसी में दबिश, 10 घंटे से अधिक दुकान व गोदाम के दस्तावेज खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ करोड़ों की हेराफेरी की शिकायत के बाद पहुंची टीम

नगर की विनय एजेंसी पर जीएसटी की टीम के छापे से पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गुरुवार को रायपुर और दिल्ली से आए जीएसटी अधिकारियों की टीम ने पान मसाला के होलसेल व्यापारी की विनय एजेंसी में छापामारी की। टीम ने दोपहर 1 बजे दबिश दी। उसके बाद 10 घंटे से अधिक देर रात कार्रवाई होने की चर्चा रही। अधिकारियों ने दुकान और गोदाम के दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की। टीम के अधिकारियों ने कार्रवाई के बारे में अधिकृत जानकारी देने से इनकार किया।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई जीएसटी की लाखों-करोड़ों की हेराफेरी की शिकायतों के बाद की गई। छापे की खबर के बाद कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के शटर बंद कर भूमिगत हो गए। हालांकि कुछ लोग इसे इनकम टैक्स का छापा मान रहे थे। लेकिन अधिकारी इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रहे हैं। दल्लीराजहरा पान मसाला होलसेल व्यापारी विनय एजेंसी में जीएसटी के छापे के बाद दल्लीराजहरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार लगभग 14 से 16 सदसयीय टीम पहुंची और छापा मारा। अधिकारियों ने शटर बंद कर दुकान व गोदाम के दस्तावेज सब अपने कब्जे ले लिया। उसके बाद सूक्ष्म जांच शुरू की।




### जानकारी देने से किया इनकार

छापेमारी के दौरान व बाद में दबिश देने के कारणों सहित अन्य जानकारी के लिए अधिकारियों से संपर्क किया गया। अधिकारियों ने जानकारी देने से इनकार किया। किसी भी बात का जवाब नहीं दिया। उसके बाद चले गए। हालांकि दिनभर छापे को लेकर चर्चा रही। लोग अपने- अपने आंकलन लगाते रहे। पुलिस अफसरों ने भी इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा।

### पुलिस अफसरों को थी जानकारी, पर बल नहीं लिया

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा और थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि उन्हें इस छापे के बारे में जानकारी है। लेकिन पुलिस बल की आवश्यकता नहीं होने के कारण वे इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दे पाए।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग से बालोद रोड पर थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत अटल चौक में 6 सितंम्बर के सुबह 8 बजे अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे युवक को अपने चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। युवक को वाहन ने पूरा अपने कब्जे में ले लिया था, जिससे शरीर क्षत-विक्षत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। थाना अंडा प्रभारी डा. भानुप्रताप साव के मार्गदर्शन से एस आई सुन्दर लाल नेताम घटनास्थल में पहुंचकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा। बताया जा रहा है कि ग्राम चिंगरी निवासी सुर्यकांत सूर्यवंशी पिता महेश सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष अपने घर से सुबह घूमने के लिए निकला था। उसके दादा का 6 सिंतबर को दशगात्र कार्यक्रम था। जिस घर में दशगात्र था, उसी घर से नाती की भी अर्थी निकली तो पूरा गांव में शोक व्याप्त हो गया।

### परिवार पर गिरा दुखों का पहाड़

बताया जा रहा है युवक के दादा का दशगात्र कार्यक्रम शुक्रवार को होना था। सुबह जल्दी उठकर वह टहलने निकला और उसकी जान चली गई। घरवालों को जानकारी लगते ही सब दौड़ते पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन दशगात्र के पहले युवक के पोस्टमार्टम व अन्य कार्य में व्यस्त हो गए।

### थम नहीं रहा रफ्तार

क्षेत्र में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। वाहनों की रफ्तार इतनी ज्यादा होती है कि चपेट में आने वाला बच ही नहीं पाता। एक्सीडेंट के बाद लोग रूककर भी नहीं देखते। जिससे घायल के बचने की थोड़ी बहुत संभावना भी खत्म हो जाती है। यातायात पुलिस के जागरुकता अभियान व कार्रवाई का भी लोगों पर असर नहीं हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्वयंभू गणेश मंदिर में आज से होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

**बालोद।** नगर में स्थित वार्ड नंबर 8 मरारपारा में स्वयंभू गणेश मंदिर में भादो मास के शुक्ल पक्ष चतुर्थी से विशेष धार्मिक आयोजन होंगे।



गणेश मंदिर में नगर सहित दूर दूर से भक्त यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। भादो मास के पूरे 11 दिन उत्साह एवं उमंग के साथ प्रत्येक दिन संध्या 7:30 बजे महाआरती होती है। 11 दिन के प्रथम बुधवार को छप्पन भोग का महाआयोजन होता है, जिसमें भक्तों की विशेष श्रद्धा उमड़ती है। अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश का हवन पूजन पश्चात अन्ना कूट महाभंडारा किया जाता है। जिसमें भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाता है। उसी दिन भक्तिभाव के साथ शोभायात्र निकाल जाती है। जिसमें मौर्य मंडल के सदस्य एवं महिला मोरिया मंडल की बहने व बालोद नगर के भक्तों के साथ मिलकर नगर भ्रमण करते हुए स्थापित गणेश को विसर्जित करने जाते हैं।

### मूर्तिकार वामन ने बनाई गणपति की 150 मूर्तियां



**डौडीलोहारा।** शनिवार से गणेश पूजा का पावन पर्व मनाया जाएगा । चौक- चौराहों व घरों में गणपति बप्पा आज विराजेंगे। वहीं वनांचल के ग्राम कमकापार निवासी मूर्तिकार वामन कुमार/परदेशी राम कुंभकार द्वारा विगत कई वर्षों से मिट्टी व सीमेंट से बनी मूर्तियां विभिन्न पर्वो के हिसाब से जिसमें श्रीकृष्ण ,गणेश, दुर्गा , सरस्वती, विश्वकर्मा बनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 150 गणेश की मूर्तियां तैयार किये हैं। जिसे कमकापार से लेकर मंगचुवा के आसपास लगभग पैंतीस से चालीस ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण अंचल के ऐसे कलाकारों को शासन की ओर से कुछ प्रोत्साहन मिले तो वे अपनी कला को गांव से आगे जिले व राज्य स्तर तक ले जाने में सक्षम होंगे।

### शदाणी कालेज में 14 तक चलेगा पीजीडीसीए में प्रवेश

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष से पीजीडीसीए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में एमए भूगोल विषयो के साथ आगामी 14 सितंबर तक इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश लिया जा रहा है। महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स सीमित सीटों के साथ प्रारम्भ किया गया है।

# ताईक्वांडो की हुई परीक्षा प्रशिक्षार्थियों को मिला बेल्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट अकेडमी करहीभदर के तत्वावधान में ताईक्वांडो में कलर बेल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया। परीक्षा के बाद चंचल देवांगन येलो बेल्ट, युक्ति देवांगन यलो बेल्ट, मोतीराम सिंन्हा येलो बेल्ट, काव्यांश साहू येलो बेल्ट, धनश्री भास्कर येलो ग्रीन बेल्ट, मोर आदित्य भास्कर ग्रीन बेल्ट, नागेश साहू ग्रीन बेल्ट, भाविका साहू येलो ग्रीन बेल्ट दिया गया। एग्जाम ऑब्जर्वर मास्टर यमुनेश मिश्रा रायपुर, कोच अंजली धनकर, शबरी स्पोर्ट्स क्लब के हेड कोच तोरण लाल कटेंद्र, पायल देवांगन, दीपक तारम रहे। मुख्य अतिथि राम कुमार सिन्हा थे। अध्यक्षता पवन साहू ने की। प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर करहीभदर पीलेश्वर साहू, कविता, तनुजा, दिलेश्वर वर्मा, बलदेव साहू, चौत्यकुवार कॉमेडे की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।

# भाजपा मंडल गुण्डरदेही में सदस्यता अभियान आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भाजपा मंडल गुण्डरदेही की बैठक के बाद सदस्यता अभियान गुरुवार को शुरू किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त नगर सैनिक अवध राम साहू, जितेंद्र निर्मल, साजा रवि देवांगन, वाहिद अली, हरिवंश मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता लिए। इस अवसर पर जिले के प्रभारी यशवंत जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम मे सह प्रभारी पंकज चौधरी व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने प्रथम सदस्य ग्रहण करने वाले को सदस्यता पत्रक प्रदान किया गया।

प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशन में गुरुवार को सदस्यता अभियान की शुरुआत गुण्डरदेही मंडल से हो गई है। जिसके लिए जनपद से लेकर शक्ति केंद्र स्तर पर नेता एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। आने वाले दिनों में सौ प्रतिशत सदस्यता अभियान को पूर्ण करने का संकल्प लेकर सभी ने अपने–अपने क्षेत्र पर सदस्यता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष मोहन चोपड़ा, टोमन साहू, प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, राजू अग्रवाल, थानसिंह मंडावी, सौरभ चोपड़ा, दिलीप कुल्हाड़े, श्रीकांत वर्मा, हरीश निषाद, दयाराम सिन्हे सहित बड़ी संख्या मे कार्यकत्रा उपस्थित थे।

## करूभात भोज....



**गुण्डरदेही।** मकर संक्रांति मेला महोत्सव समिति भाठागांव आर के युवाओं द्वारा लोक पारम्परिक तीजा त्यौहार के अवसर पर तीजहारिन बहनों एवं माताओं के लिए गुरुवार को सामूहिक करूभात भोज का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष रवि तिवारी व सचिव रमीज़ रज़ा ने बताया कि आयोजन का 20 वां वर्ष है। इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य रूप देते हुए करूभात के साथ पारम्परिक गीत पर सांस्कृतिक, सामूहिक, सुवा नृत्य कार्यक्रम माताओं– बहनों के लिए किया गया है। अतिथियों ने समिति की ओर से गांव की नवविवाहित बहनों को उपहार भेंट किया गया। आयोजन में संजय साहू, सलीम खान, डुपेंद्र साहू, गुरुदयाल ठाकुर, राजेश साहू, आशीष साहू, सुरेश साहू, पुनेश्वर साहू, टीकम साहू, भूपेश यादव, रूपेश्वर यादव, अश्वनी साहू, संतोष नगरिया, रफीक खान, प्रदीप साहू, बिट्टू, सतीश, गौरव सहित समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति आम जनता की सोच में बदलाव के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल जल शक्ति विभाग भारत शासन के निर्देशानुसार जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के सफल आयोजन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय में बैठक लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान मनाया जा रहा है, ताकि लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं सामुहिक रूप से ग्रामीण अपने गांव एवं क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें। इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सेवा संबंधित कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान गांव के गंदे एवं कचरे के ढेर जमा होने वाले स्थानों की साफ–सफाई, मेगा स्वच्छता ही अभियान का आयोजन के अलावा स्वच्छाग्राही एवं सफाई मित्रों के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाने की जानकारी दी।




### होंगे ये कार्यक्रम

कलेक्टर चन्द्रवाल ने इस दौरान अधिकारियों को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण कराने के अलावा स्वच्छता पर आधारित शैक्षणिक सामुहिक प्रदर्शन, स्वच्छ फूट स्ट्रीट, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करने को कहा। इसके साथ ही जीरो वेस्ट इवेन्ट, वेस्ट टू आर्ट, एन.जी.ओ एवं स्व–सहायता समूहों का मोबिलाईजेशन, स्वच्छता आउटरिच अभियान, स्वच्छता दौड़, साइकिल रैली और मैराथन, स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता, स्कूल के बच्चों को अभियान में शामिल करना, वॉल पेंटिंग्स एवं जिले के पार्क, उद्यानों एवं आवागमन वाले स्थानों का सौंदर्यीकरण आदि गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# शराब का अवैध कारोबार जोरों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**गुण्डरदेही।** स्थानीय प्रशासन के उदासीनता के कारण नगर के चैनगंज रेलवे फाटक के पास स्थित एक मकान में अवैध शराब का धंधा जोरों से चल रहा है। नागरिकों का कहना है कि यहां सुबह से लेकर देर रात तक आसानी से अवैध शराब मिलने मिल जाती है। शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। अवैध शराब की बिक्री से युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो रही है। ग्रामीणो ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# स्कूल भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन, कुछ दिन पहले छत का मलबा था गिरा

## जिला शिक्षाधिकारी के नाम पर बीईओ को सरपंच सहित अन्य ने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के सरपंच सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नवीन हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों को जर्जर भवन में रहकर पढ़ने में हो रही परेशानियों को लेकर ग्राम पंचायत भवन में 31अगस्त को आयोजित ग्रामसभा में ग्राम में संचालित शासकीय हाईस्कूल /हायर सेकेण्डरी की जर्जर भवन की जगह नया बनाए जाए। ग्रामीणों ने कहा कि नवीन हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी भवन निर्माण की स्वीकृति 15 दिवस में ना मिलने पर 19 सितंबर को ग्राम के बाजार ,समस्त शालाओं ,आंगनबाड़ी ,पंचायत ,गांव की समस्त दुकान बंद कर आवागमन को बाधित कर चक्काजाम करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व ही उक्त जर्जर शाला भवन के छत का मलबा गिरने से शाला की छुट्टी हो जाने पर बड़ी दुर्घटना टल गई थी। जिसके बाद भवन के कमी के चलते शाला दो पालियों में लगाई जा रही है। बच्चे की शिक्षा प्रभावित होने की जानकारी पालकों को दी। बच्चों की शिक्षा में हो रही परेशानियों को लेकर ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है।

### समस्या का निराकरण ही नहीं हो रहाः सरपंच


ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 की सरपंच श्रीमती अनिता पोषार्य ने बताया की पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ नवीन शाला भवन की मांग मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री से करते आ रहे हैं। वही ब्लॉक से लेकर जिला स्तर के आला अधिकारियों से दो तीन वर्षों से शाला भवन की जर्जर हालत को देखते हुए नवीन शाला भवन निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। उनकी समस्याओं का आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हो पाया है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्रीमती अनिता पौषार्य सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 ,शीतल चिन्द्रा उपसरपंच ,रेवाराम रावटे पूर्व जनपद सदस्य ,संतराम मेरिया,केशवराम भैसारा ,गजानन सिंह ,ईश्वर सिंह ,रमेशकुमार ,मोहित,चमरूराम ,यशवंत कुमार,मानसिंह भुआर्य,निर्मल कुमार , थनवार सिंह,गिरधर लाल ,रमनसिंह,बसंतकुमार , तामन कुमार गौर,प्रतीक कुमार ,शिवाजित ,नागेश्वर मेरियां,नवलसिंह,गोपीराम ,राजेश रावटे,दसरूराम ,सेवनलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खट्टर से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 नए पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों के साथ छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की।

### महिला मोर्चा के तीजा तिहार में कई महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में तीजा तिहार (तीज महोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। सुश्री राहटकर ने कहा, प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। सुश्री राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, चन्नी वर्मा, शहर जिला भाजपा महामंत्री सत्यम दुवा, अमर बंसल, अकबर अली, विभा राव आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, राजनांदगांव डीईओ हटाए गए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने राजनांदगांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें नवा रायपुर के इन्द्रावती भवन स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही, राजनांदगांव के सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ यह नई जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इस आशय का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन मंत्रालय नवा रायपुर से जारी कर दिया गया है।

### लोधी समाज का परिचय सम्मेलन 24 नवंबर को

रायपुर। लोधेशवरधाम में लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वार्षिक सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली भारत के नेतृत्व में किया जाएगा।

## निधन

### बिराजो बाई



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी बिराजो बाई का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम फागुनदाह में किया गया। वे गोवर्धन राम साहू की मां एवं माधव साहू की दादी थी।

### सेवा : जगह-जगह संगठन, ग्रामीणों ने किया आयोजन

# सैकड़ों तीजहारिन बहन व बेटियों ने एक साथ बैठकर खाया करुभात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

तीज पर्व के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वाधान में 5 सितंबर गुरुवार को रात्रि में बस स्टैंड बाजार स्थल पर सामूहिक करुभात का आयोजन किया गया। जहां गांव के सैकड़ों तीजहारिन बहनों व बेटियों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी तीजहारिन बहनों के चेहरों पर रौनकता नजर आ रही थी, यहां पर सभी अपनी पुरानी सहिलियों से मिलकर अपनी बचपन की यादों को ताजा किया। इस दौरान तीजहारिन बहनों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक मायारु दावना ग्राम खपरी की प्रस्तुति भी रखी गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा, उपसरपंच राजेंद्र जैन, विकास जैन, गोविंद सिन्हा व सभी पंचगण संहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### बिरेतरा में बनी युवाओं की स्वच्छता टीम बहनों को श्रीफल देकर लिया आशीर्वाद





**बालोद।** छत्तीसगढ़ में माता बहनों का प्रमुख त्योहार तीजा को लेकर खासा उत्साह रहता है। उत्साह में एकता और उत्साहवर्धन करने ग्राम बिरेतरा में भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव एवं कुलदीप यादव के नेतृत्व में युवा मित्र क्लब बिरेतरा का गठन करके सेवा हेतु युवाओं की टीम बनाई गई। गांव में स्वच्छता को लेकर डिस्पोजल मुक्त करने, सुख–दुख में सेवा करने अभिनव पहल करते हुए सहयोग प्रदान किया गया। युवा मित्र क्लब द्वारा 350 स्टील थाली, 350 गिलास प्रदान कर बिना डिस्पोजल पत्तल के तीजा उपवास रहने आई 700 ग्राम की बेटियो को करू भात खिलाया गया। माता बहनों को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया तथा प्राथमिकता मे नवीन तीजा उपवास रहने वाली बहनों, बहूओं को साड़ी भेंट किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रामीण जनों एवं प्रमुखों का परिश्रम रहा, युवा मित्र क्लब बिरेतरा की टीम ने अचानक आई बारिश के बावजूद भी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक किया। समिति में प्रमुख रूप से संरक्षक जिला भाजपा के महामंत्री राकेश छोटू यादव, अध्यक्ष कुलदीप यादव, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ साहू, कामता प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, सचिव वेद प्रकाश, प्रचार मंत्री साहिल कुमार, मीडिया प्रभारी यश कुमार, तोकेश कुमार, नोमेश कुमार, हरीश कुमार, तिलक राम, महेंद्र सेन, गिरधर साहू, युगल किशोर, विनय कुमार, मनीष कुमार, तोमेश्वर, देवेंद्र, चेतनानंद, रितेश, प्रशांत, मिथिलेश सिन्हा, चंदन कुमार, प्रियांशु, किशोर कुमार ने सराहनी पहल किया।

### गांव की बेटियों को खिलाया करूभात

**गुरूर।** ग्रामीण विकास समिति एवं ग्रामवासी सरबदा द्वारा करू भात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में गांव की सभी बेटियां को जो तीजा के लिए अपने ग्राम में आई है। उनको एक साथ करू भात खिलाया गया। ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष संतराम निषाद ने कहा कि बेटियां सिर्फ अपने घर परिवार की बेटी नही बल्कि पूरे गांव की बेटियां हैं। इसलिए हमारे ग्रामीण विकास समिति द्वारा यह करु भात कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष दुखूराम साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव, उपसचिव, सहसचिव गिरधर यादव, छगन साहू, सदानंद, संरक्षक सोनेलाल, गोकुलराम, चौतराम, सीताराम एवं सदस्य राकेश पटेल, महेंद्र साहू, विष्णुराम साहू, नीलकंठ साहू, भूषण साहू, चिंताराम साहू और नागरिक फलदेव साहू, हीरालाल साहू, जगतराम, गणेश हिरवानी, रविकांत, चंदू राम, चेतनलाल एवं ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जय जोहार युवा संगठन ने खिलाया करूभात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में जय जोहार युवा संगठन की ओर से माताओं व बहनों को करू भात खिलाया गया। ग्राम में पहुंची बेटियों ने एक जगह एकत्रित होकर करू भात ग्रहण किया। मौसम खराब होने के बावजूद भी महिलाएं करू भात खाने में उत्साहित दिखीं। जहां लगभग 600 महिलाएं एक जगह करू भात ग्रहण किया।

तीज पर्व मनाने आए बहनों ने बताया कि यह आयोजन बहुत ही सराहनीय है। सभी एक जगह एकत्र होकर करू भात खाएं। बहनों ने कहा यही एक ऐसा पर्व है, जहां सभी संगी साथी एक दूसरे से मुलाकात करते हैं। इसी के चलते हम महिलाएं युवा संगठन द्वारा किए गए आयोजन को प्रोत्साहित करते हैं। हर वर्ष इस तरह से करू भात खिलाने का आयोजन होता रहे। आयोजन में प्रमुख रूप से हेमंत साहू, टिकेश्वर साहू, चुलेंद्र साहू, डिलेश्वर साहू, चंद्रकांत साहू, तामेश कुमार सेन, रूपेंद्र साहू, महेंद्र साहू, सोहन साहू, सूर्यकांत साहू, अनिल मरकाम, गैंदलाल ठाकुर, बाबूलाल साहू, अरुण साहू, शाहिद निःस्वार्थ सेवा समिति का सहयोग रहा।

### मुलाकात...



**डौंडीलोहारा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ नई दिल्ली अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने 1 सितम्बर को सौजन्य मुलाकात कर 20 वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनने का निवेदन किया। वर्ष 2018 में 13 वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री को बताया गया कि उक्त स्मारक का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। देश के सभी राज्यों से एवं प्रदेश के समस्त अधिकारी,कर्मचारी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## बूथ क्रमांक 176 चैनगंज से सदस्यता अभियान की शुरुआत



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा बूथों में सदस्यता अभियान की शुरुआत गुण्डरदेही मंडल के बूथ क्रमांक 176 चैनगंज से किया गया। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, सौरभ चोपड़ा, बूथ अध्यक्ष मुकेश साहू ने बूथ जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

### झींका रेहची में बहू-बेटियों का सम्मान करते हुए शिक्षक दिवस

**बालोद।** काका भतीजा मित्र मंडल झींका द्वारा तीज पर्व के अवसर पर ग्राम झींका के बहु–बेटियो का सम्मान करते हुए ग्राम झींका (रेहची) में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर थे। विशेष अतिथि प्रधान पाठक झींका श्रवण कुमार सोनी, व्याख्यता लक्ष्मी धीर, शिक्षिका मीरा गजेंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता झींका उर्वशी सिन्हा एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल सुरेगांव कामिनी शामिल हुए। झींका के बाल कलाकारों व ग्राम कोटगांव निवासी लोकनाथ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## मूणत ने कहा- भूपेश हिंदू भावनाओं को लगातार कर रहे आहत

### पूर्व मुख्यमंत्री के बयान से शिव भक्तों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विल्व पत्र और भगवान शंकर को जल चढ़ाने की आस्था का सरेआम उपहास उड़ाने के लिए कड़ी आलोचना की है।

श्री मूणत ने कहा, श्री बघेल हिंदू भावनाओं को लगातार आहत कर रहे हैं। उनके बयान से अब उनका और कांग्रेस का हिन्दू और सनातन विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है। श्री मूणत ने कहा, हिन्दू विरोधी मानसिकता श्री बघेल को अपने पिता से ही विरासत में मिली है। राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए राम, सीता और माता कौशल्या के नाम पर पांच साल तक पाखंड का प्रदर्शन करते रहे श्री बघेल का हिन्दू व सनातन विरोधी असली राजनीतिक चरित्र जगजाहिर हो गया है, जिसकी पोषक कांग्रेस शुरू से रही है और अब कांग्रेस से जुड़े इंडी गठबंधन के नेता भी इसी भाषा में देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था और भावनाओं का सरेआम उपहास उड़ाने का दुस्साहस कर रहे हैं। श्री बघेल के बयान से शिवभक्तों में भारी आक्रोश है। श्री मूणत ने एक कार्यक्रम के वायरल वीडियो, जिसमें श्री बघेल भगवान शंकर को अर्पित किए जाने वाले जल व विल्व पत्र चढ़ाने का उपहास उड़ाते देखे-सुने जा रहे हैं, का हवाला देकर कहा, श्री बघेल के पिता का पूरा जीवन हिन्दुओं के देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति पर अनर्गल टिप्पणियां करने में बीत गया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी श्री बघेल इन टिप्पणियों पर मौन साधे बैठे रहे। आज खुद भूपेश बघेल ने भगवान शंकर, जल व विल्व पत्र का खुलेआम मजाक उड़ाकर अपने डीएनए का परिचय दे दिया है। श्री मूणत ने कहा, यही हिन्दू और सनातन विरोधी डीएनए कांग्रेस व इंडी गठबंधन का भी गाहे-बगाहे सामने आता रहा है। श्री मूणत ने कहा, तुष्टिकरण का एजेंडा चलाकर श्री बघेल ने अपने शासनकाल में प्रदेश का वातावरण बिगाड़ने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी और अब अपने उसी एजेंडे पर खुलेआम सामने आ गए हैं, लेकिन प्रदेश की धर्मप्राण जनता ऐसी घिनौनी सोच को इतिहास के कूड़ेदान में डाल देगी, श्री बघेल को यह कभी नहीं भूलना चाहिए।



### विद्यालय प्रबंध समिति सहगांव ने शिक्षक सम्मान समारोह की अनूठी पहल की

# डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक दार्शनिक, समाज सुधारक व शिक्षाविद थे

हरिभूमि न्यूज. डौण्डीलोहारा

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति सहगांव के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्व प्रथम माँ शारदे व सर्वपल्ली डा राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया।विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक दार्शनिक, समाज सुधारक व शिक्षाविद थे, वे हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति थे, उन्होंने चालीस वर्ष तक शिक्षकीय जीवन व्यतीत किया, इसलिए उनके जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गिरीश कुमार निर्मोही ने समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगो की सकारात्मक सोच के कारण ही हम लोगो को सम्मान मिल रहा है। प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल ने गुरु वंदना प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षक तीन अक्षरों से मिलकर बना है, शि से शिष्टाचार, क्ष से क्षमा, क से कर्म अर्थात शिक्षक बच्चों को शिष्टाचार व कर्म करने की पाठ सिखाता है तथा उनकी गल्तियों को भी क्षमा कर देता है।



श्रीमती केशर अलेन्द्र ने ‘ हम शिक्षक है, शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे’ कविता प्रस्तुत की। प्रधानपाठक के. एल. चुरेन्द्र का जन्मदिन होने के कारण उनके द्वारा बच्चों को न्यौता भोज मे जलेबी व केला खिलाया गया। समिति के पदाधिकारियों ने श्रीफल व गीताप्रेस की डायरी भेंट किये तथा विद्यार्थियों की ओर से पेन से सम्मानित किया गया। शिक्षाविद गोविन्द सिंह चुरेन्द्र ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अध्यक्ष प्रेमलाल निषाद ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालयीन स्टाफ, शरद मालेकर, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, दीपा आमदो, हेमलता साहू, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जोहन लाल तारम, यमुना प्रसाद, भूपत गांवरे, विजय माहला, सगाबती पिस्दा, लक्ष्मी माहला, कुलेशवरी यामले, देविका देवांगन, तथा समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवयुवक मंडल पीड़ियाल ने किया गौठान चारागाह में किया पौधारोपण




**डौडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम हितापठार व पीड़ियाल जल ग्रहण योजना नाबार्ड के अंतर्गत नवयुवक मंडल पीड़ियाल के सहयोग से गौठान चारागाह में पौधारोपण किया गया। जिसमें संस्था एसआईआरडी की ओर से सौरभ दास, रोशन भुआर्य एवं समिति सदस्य ओमप्रकाश यादव, इमलेश दुग्गा ,गणेश करपाल,रोमन भुआर्य, राजकुमार भंडारी, शशिकांत, दशेन यादव, विनोद्यदाव, योगेंद कुमार, जागेश्वर, मुकेश मंडावी, श्रवण सलाम का विशेष सहयोग रहा। नवयुवक मंडल द्वारा पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### पसौद में 1100 बहन-बेटियों को एक साथ खिलाया गया करू भात

**लाटाबोड़।** तीज पर्व में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सुहाग की सलामती की कामना के साथ महिलाएं व्रत रखती हैं। इस पर्व में निर्जला व्रत रखने के एक दिन पूर्व करू भात की रस्म अदा की जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम पसौद में ससुराल से मायके आई लगभग 1100 बेटियों को सामूहिक रूप से करुभात खिलाया गया। करू भात के कारण बाजार में करेले की मांग बढ़ने से गुरुवार शाम को माहुद बाजार में करेला 60 से 80 रूपये किलो के भाव से बिका। उधर, तीज पर्व को लेकर मार्केट गुलजार हो गया है। पर्व के कारण बाजारों में खरीदी-बिक्री के लिए भीड़ लगने लगी है। वहीं, बस स्टैण्ड, आटो स्टैण्ड में तीजहारिनों की भीड़ लगी रही। दोपहिया वाहन, कार और अन्य वाहनों में भी महिलाएं मायके पहुंचती रहीं।

### एकलव्य अतिथि शिक्षकों ने की शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग

**रायपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर शिक्षा विभाग में संविलयन की मांग की है। उनका कहना है, प्रदेशभर के आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय में 600 अतिथि शिक्षक 8 से 10 वर्षो से निरतंर सेवा दे रहे हैं, उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ नहीं दिया गया। न ही किसी प्रकार की प्राथमिकता दी गई। इससे सैकड़ों अतिथि शिक्षकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा हुआ है। प्रभावित अतिथि शिक्षकों का कहना है कि देश के अन्य राज्यों में अतिथि शिक्षकों को पहले स्थाई किया गया और शेष बचे पदों पर केन्द्र ने भर्ती किया। पर प्रशासन की गलती के चलते एकलव्य अतिथि शिक्षकों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्री साय ने उन्हें आश्वस्त किया है कि एकलव्य अतिथि शिक्षकों को राज्य के शिक्षा विभाग में संविलयन कराकर रोजगार की व्यवस्था करायेंगे। उन्होंने विभाग के सचिव और स्कूल शिक्षा सचिव को दूरभाष पर निर्देशित किया कि केबिनेट की बैठक में अतिथि शिक्षकों के संविलयन की नस्ती प्रस्तुत की जाये। पर 5 माह बाद भी नस्ती प्रस्तुत नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने दोबारा नस्ती प्रस्तुत करने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का फिर बदला मार्ग, अब बीना के रास्ते से पहुंचेगी बिलासपुर

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास का कार्य



विभिन्न मंडलों में किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के लिए उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अंतर्गत आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेक्शन के मध्य विभिन्न स्टेशनों में रेल लाइन के विस्तार का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 5 से 12 सितंबर को अमृतसर से रवाना होने वाली 18238 अमृतसर –बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मेरठ सिटी–खुर्जा-मितावली-आगरा फोर्ट-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना के रास्ते बिलासपुर पहुंचेगी। 13 से 16 सितंबर को कोरबा से रवाना होने वाली 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बीना–रुठियाई-सोगरिया-बयाना-आगरा फोर्ट-मितावली-खुर्जा- मेरठ सिटी के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी। 13 सितंबर को विशाखापटनम से रवाना होने वाली 20807 विशाखापटनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नई कटनी जंक्शन–मानिकपुर-प्रयागराज-गोविंदपुरी-टूण्डला-गाजियाबाद-नई दिल्ली के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी।

## शिक्षक दिवस : स्कूल, संस्थानों में हुए सांस्कृतिक सहित अन्य आयोजन

# सफलता के लिए लगातार प्रयास से आता है बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हाईस्कूल किल्लेकोड़ा में पदस्थ डॉ बीएल साहसी व्याख्याता को शिक्षक रत्न 2023 तथा राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया। जिन्होंने 2014 के बाद शासकीय हाई स्कूल किल्लेकोड़ा को उपकृत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कहा जाता है कि मेहनत एक दिन रंग लाती है, अगर लगातार प्रयास करते रहे तो जीवन में कुछ न कुछ बदलाव जरूर आता है, जो अविस्मरणीय बन जाता है।

ऐसे ही एक गाथा ग्राम किल्लेकोडा के शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ डॉ. बीएल साहसी व्याख्याता ने अपने प्रयासों से किल्लेकोड़ा विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां संपन्न कराते रहे हैं। ज्ञात हो कि उनके प्रयासों से 2014 से अब तक कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। उनके मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से हाई स्कूल परीक्षा केंद्र तथा हायर सेकंडरी उन्नयन की घोषणा हुई। डॉ बीएल साहसी एक अच्छे प्रवक्ता तथा कुशल संचालक भी हैं, जिनके मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं का शासन के आदेशानुसार विभिन्न प्रकार की गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम संचालित होते रहे हैं। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, जल संरक्षण तथा कोरोना काल में अपना जान जोखिम में डालकर ऑफलाइन तथा ऑनलाइन कक्षा का संचालन किया जो कि किल्लेकोड़ा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्हें राजभवन में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री की उपस्थिति में उन्हें राज्यपाल शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा 31 अक्टूबर 2023 को शिक्षा रत्न छत्तीसगढ़ पुरस्कार से नवाजा गया था।

### डॉ. बीएल साहसी शिक्षक सम्मान और शिक्षक रत्न से सम्मानित



### प्राथमिक व माध्यमिक शाला माटरी में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को दी भेंट



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला माटरी, संकुल माटरी, विखं डौंडीलोहारा जिला बालोद में संयुक्त रूप से सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी के जन्मजयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा शाला परिसर में स्थित पेड़ पौधों से सुन्दर गुलदस्ता बनाकर डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र के पास सम्मानपूर्वक रखकर एवं शिक्षकों को भेंट किये। बच्चों ने अपने शिक्षकों को उपहार स्वरूप पेन भी दिए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक कालूराम सिन्हा ने डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन परिचय एवं उनके कार्यों के बारे को बताया। शिक्षक देवप्रसाद भुआर्य ने बच्चों को बताया कि अच्छे से पढ़ाई करके आप भी शिक्षक बन सकते हैं।समाज में अपना नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश पांडे द्वारा किया गया। उनके द्वारा बच्चों के द्वारा सुन्दर गुलदस्ता बनाने के लिये बधाई दी गई एवं उपहार के लिये बच्चों को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक, रसोइया, सफाई कर्मचारी एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### शासकीय बालक विद्यालय में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। छात्रों ने कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम को एलएस निषाद, एमके देवांगन, लिख्मीचंद सार्वा, वंदना साहू, हरीश सिन्हा, लक्ष्मीचंद सोनवानी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन छठवीं के छात्र सेशांत सिन्हा, सिमन्त साहू, पंकज पटेल तथा भीवेश मरकाम ने और आभार प्रदर्शन सातो धनकर ने किया। संस्था प्रमुख केके आलेंद्र ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### शासकीय विद्यालय मुढ़िया में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला मुढ़िया में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों की ओर से किया गया।

### विद्यार्थियों ने कहा- जीवन में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थी परिषद द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत वंदन और सम्मान किया गया। जीवन में गुरु की भूमिका सर्वोपरि होती है इस पर डिंपल 12वीं के छात्रा ने उद्बोधन दिया। खुशबू सिन्हा शाला नायक ने शिक्षक दिवस की महत्व पर विचार रखे।

■ **उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर**

प्रभारी प्राचार्य डीएल .साहू, एचएल साहू, वाईके साहू, यूके साहू, वीके साहू, एस सिंघारे, आरके साहू, केएल कुर्रे, एमके साहू आईसीटी ने शिक्षक दिवस पर विचार व्यक्त किया। शिक्षक आरएन साहू ने कहा शिक्षकों का सम्मान सदियो से किया जाता रहा है। उन्होंने विद्यादान पर काव्यांजलि प्रस्तुत की। व्याख्याता केएम महेश्वरी, दिव्यानी निषाद 12वीं के विद्यार्थी ने सारगर्भित उदगार प्रस्तुत किया। बीआर साहू, एमके साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। प्राचार्य टीएस कोल्हे के मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### प्राशा धनगांव में शिक्षकों को दी भेंट, किया सम्मान

**डौडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला धनगांव में भारत के भूतपूर्व राष्टपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर बच्चों ने पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा मिठाई खिलाकर शिक्षकों का सम्मान किया। शिक्षक विशम्भर सिंह बगमरिया ने शिक्षक दिवस के महत्व और शिक्षा की उपयोगिता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। श्रीमती धनेश्वरी सोनवानी ने शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता हैं? इसके बारे में विस्तार से बच्चों को बताया। कक्षा चौथी के कु. वाणी पटेल,कु.रानी, प्रेरणा, लतिका , कक्षा पांचवी के कु. यामिनी, कु समीक्षा, पूर्णिमा ने डायरी और पेन भेंट कर शिक्षकों का सम्मान किया।



### शासकीय विद्यालय घीना में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**बालोद/कुरदी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के प्रांगण में शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विरेन्द्र कुमार साहू थे, अध्यक्षता जिला महामंत्री भाजपा चेमन देशमुख ने की। विशेष अतिथि पोषण बनपेला एवं संकुल केंद्र घीना रहे, खेरथा मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों एमआर साहू, जेआर साहू, आरएन साहू, बीएस साहू, रामनाथ साहू, बेनी राम ठाकुर, मन्नू लाल साहू, एमएल चौधरी, तुलाराम ठाकुर, लखन लाल देवांगन, नीमन लाल साहू, टेकराम देवांगन, मेनू राम साहू, बी मानिक मेडम, उधोराम बराहेन, महेतरु राम साहू, भुवन सिंह सार्वा, बीएस पटेल, हिरामन सिंह कोठारी, सी पी साहू, केएस मंडले, अमृत भंडारी, एमएल डड़सेना, भीखम देवांगन, सीपी गजबिये,एवं वर्तमान में कार्यरत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान प्रतीक चिन्ह व श्री फल देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद डड़सेना ने किया। अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति आईके पटेल ने आभार व्यक्त किया।

### शिक्षक दिवस पर छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**देवरी-बंगला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला खेरथा बाजार के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एनएस मानकर व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखे। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंच संचालन कावेरी कक्षा 12 वी ने किया।

# भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू 25 हजार सदस्य बनाने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





विकासखण्ड में भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकर्ता ऐनुराम सोनवानी को भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा की सदस्यता दिलाकर विकासखण्ड में सदस्यता अभियान की शुरूवात की। विकासखण्ड में भाजपा ने 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके पहले विकासखण्ड में भाजपा के 17 हजार सदस्य थे।

सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बाद पवन साहू ने गुरूर मंडल के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। पवन साहू ने कहा भारत माता के वैभव को विश्व में पुनः स्थापित करने, सुरक्षित राष्ट्र के लिए एवं सभी के सर्वागिण विकास के लिए हमें भाजपा की सदस्यता बनाना है। पवन साहू ने कहा हमें सनातन परंपरा को चिरस्थाई एवं मजबूती के लिए अध्यात्मिक, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को लेकर लोगों के मध्य जाकर भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित करना हैं।

पवन साहू ने कहा कार्यकर्ताओं की सदस्यता अभियान में सक्रियता, संगठन में सक्रियता आने वाले चुनाओं में पार्टी से अधिकृत करने के आधारों में महत्वपूर्ण कड़ी होगी। पवन साहू ने कहा आज विपक्ष देश को खण्ड-खण्ड करने पर तुला है, झूठी जानकारी फैलाकर आमजनता को दिगभ्रमित कर रहा है। हमें इस वैचारिक युद्व में राष्ट्र के लिए कार्य करना है, भाजपा की सदस्यता अभियान भारत के परम वैभव की प्राप्ति के लिए हैं। पवन साहू ने कहा लगातार हमें विधानसभा चुनावों में हार मिल रही है, लेकिन कुछ महीनों बाद ही हम लोकसभा मे विजयी हो रहे हैं, साफ संकेत है कि लोग भाजपा को चाहते है, भाजपा को राष्ट्रवाद के सिद्धांत को आगे रख हमें सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाना है। कार्यकर्ताओं को जिला सदस्यता समिति सदस्य बालोद नगर पालिका के पार्षद कमलेश सोनी ने तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यकर्ताओं को भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, यादवराम साहू, मेहत्तर नेताम, भुवन साहू ने भी संबोधित किया। बैठक में दुर्गानंद साहू, चंदन सिन्हा, राजेश दीवान, पन्नालाल साहू, चन्द्रप्रकाश गांधी, अजेन्द्र साहू, लिखेश्वर साहू, गिरधर ठाकुर, ताम्रध्वज यादव, हरिओम श्याम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर ने ग्रहण किया पदभार, दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





डारन बाई शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष के रूप में नंदकिशोर शर्मा ने पद्भार ग्रहण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने महाविद्यालय की जिन समस्याओं, आवश्यकाताओं को नजर अंदाज किया उसे नवनियुक्त अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने उसे भी पूरा करने का आश्वासन दिया।

समारोह में पवन साहू ने कहा भारत की प्राचीन सनातन परंपरा, ऋषि परंपरा में गुरूओं का सर्वोच्च स्थान रहा है। आज गुरूओं को भी अपना गुरूवत्व स्थापित करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। पवन साहू ने कहा मातृ पितृ देवतुल्य होते हैं, गुरू सद्भावपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाते हैं। पवन साहू ने कहा मोदी सरकार जो नई शिक्षा नीति लाई है उसमें छात्र अपनी अभिरूचि के अनुसार विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है, नई शिक्षा नीति की जानकारी सभी छात्र छात्राओं को होनी चाहिए। पवन साहू ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों से भी कहा कि वे छात्रों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दें, जिससे छात्र अपने समृद्व, मजबूत, आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण करने के लिए स्वेच्छा से निर्णय लेने में सक्षम बने। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य केएल रावटे ने दिया। पूर्व अध्यक्ष ओंकार महमल्ला ने स्व. प्राचार्य जेएल बघेल के कार्यों को याद किया। ओंकार महमल्ला ने अपने कार्यकाल में महाविद्यालय में कराए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए महाविद्यालय की आवश्यकताओं को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, ईशा प्रकाश साहू, त्रिलोकी साहू, यादवराम साहू, बालोद नगर पालिका पार्षद कमलेश सोनी, दुर्गानंद साहू, ऋषि सिन्हा, ऐनुराम सोनवानी, जनार्दन सिन्हा, चंदन सिन्हा, पन्ना लाल साहू, प्रदीप साहू, अजेन्द्र साहू, भुवन साहू, राजेश दिवान, चिंताराम साहू, मेहत्तर नेताम, हरिओमश्याम, प्रदीप साहू, प्रेमसाय कलिहारी, चौलेश देशमुख, विधायक प्रतिनिधि शादिक अली सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।

### आठ माह में कांग्रेस ने बनाई कई जांच समिति, कुछ की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं

**रायपुर।** प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विभिन्न जिलों में हुई घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने एक दर्जन ये अधिक जांच समिति बनाई। समितियों में स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक और पदाधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी।

अधिकांश समितियों का दौरा होने के बाद समितियों की रिपोर्ट के बारे में पूरी जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दी जाती है। कई मामलों में जांच समिति की रिपोर्ट की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। पार्टी के द्वारा महत्वपूर्ण घटनाओं के अलावा ऐसी घटनाएं जिन पर राजनीतिक रूप से पार्टी जनता के बीच जाने की रणनीति बनाती है, ऐसे मामलों पर जांच समिति बनाई जाती है। भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कन्या आश्रम में अनाचार, स्वास्थ्य विभाग में नवजात शिशुओं के मौत के मामले, बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, तारलागुड़ा पोटा कैबिन में मलेरिया से छात्रा की मौत, आरंग में तीन लोगों की मौत, बैगा आदिवासियों की कवर्धा में मौत के मामले, पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण बनाए जाने और उन पर की गई कार्रवाई के मामलों में जांच समिति बनाई गई। समितियों ने इनमें से कई मामलों में जांच पूरी करने के बाद पीसीसी को क्या रिपोर्ट सौंपी इसे सार्वनिक नहीं किया गया। बताया जाता है कि ऐसे मामलों को पार्टी विधानसभा सत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग जैसे मामलों में करते हैं। अधिकांश मामलों में जांच समिति स्थानीय लोगों से चर्चा का मामले के नतीजे पर पहुंचती है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

खबर संक्षेप



### भैंसों ने दो-दो बछड़ों को दिया जन्म

**गुरूर।** विकासखण्ड के इतिहास में पहली बार एक ही घर में एक साथ दो भैंसो ने दो–दो बच्चों को जन्म दिया। इसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों भैंसों के चारों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दोनों भैंसों एवं चारों बच्चों की विशेष देखभाल की जा रही है। मामला ग्राम रमतरा का है, जहां साहू डेयरी फार्म ग्राम रमतरा में दो भैंस ने दो–दो बच्चे को जन्म दिया है। यह जिला बालोद के गुरुर ब्लॉक में पहली बार देखने को मिला, जो ग्राम और आस पास के लिए अजूबा से कम नहीं है, लोग दूर दूर से देखने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। यह जानकारी साहू डेयरी फार्म के डारेक्टर भगवान सिंह ने दी। साथ ही खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके विश्वकर्मा ने बताया कि उनके द्वारा कृत्रिम गर्भाधान किया गया था, यहां मेरे 15 वर्ष के सेवाकाल में ऐसा पहली बार हुआ है। विभाग दोनों भैंसों एवं चारों बच्चों के स्वास्थ की निगरानी कर रहा है।

### गौशाला में किया गया एफएमडी वैक्सीनेशन




**गुरूर।** राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त से चलाए जा रहे वृहद पशु टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम चुल्हापथरा स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में एफएमडी वैक्सीनेशन किया गया। सघन एफएमडी वैक्सीनेशन प्रोगाम के तहत पशु चिकित्सक गुरूर डॉ. बीके विश्वकर्मा, एवीएफओ श्रीमती मिश्रा एवं श्रीमती विश्वकर्मा, आशीश साहू, चन्द्राकर टालदार, शिवकुमार साहू, नारायण निषाद, केएल गंजीर, सौपसिंह ठाकुर, संतोश यादव, मुकेश साहू, राजेन्द्र, गौकरण साहू सहित राजनांदगांव पशु चिकित्सालय से प्रशिक्षण के लिए पहुंची 7 छात्राओं ने टीकाकरण किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर एफएमडी वैक्सीनेशन, कृमिनाशक, डेटेक्टींग, बीमार पशुओं का इलाज किया गया।

### सेवानिवृति पर कोमल सिंह को ग्रामीणों ने दी विदाई



**गुरूर।** सेवानिवृत प्रधान पाठक कोमल सिंह साहू को ग्राम खुंदनी के ग्रामीणों ने विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षक के बीते हुए पल को याद किया गया। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए क्षमा मांगी। ग्राम विकास समिति एवं शाला प्रबंधन समिति खुंदनी द्वारा कोमल सिंह साहू को स्मृति चिन्ह, साल, श्रीफल, डायरी, पेन रामायण भेंट कर सम्मानि किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक कोमल सिंह साहू थे। अध्यक्षता ग्राम खुंदनी के सरपंच गणेश नेताम ने किया। विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुमन लाल भक्ता, सेवा निवृत्तशिक्षक अभ्यास महंत, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशाल दीवान, डुलेश्वर यादव, दिलीप निर्मलकर, बीआरसीसी गुरुर चंद्रभान निर्मलकर, पूर्व बीआरसीसी नंद कुमार साहू, व्याख्याता पूरन लाल भेसले सहित सभी शिक्षण और ग्रामीण उपस्थित थे।

# कारगिल के शहीद दुर्वासा की शहादत को याद कर किया गया नमन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/गुण्डरदेही

अमर सपूत दुर्वासालाल निषाद ने कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए अपना प्राण उत्सर्ग किये थे, जिसकी स्मृति में 26 वां शहादत दिवस समारोह बुधवार ग्राम देवरी (ख) में किया गया। प्रातः 8 बजे से शांति पीठ, श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ, फिर अमर सपूत को अतिथियों की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों व हायर सेकंडरी देवरी के स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा गाड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके पश्चात उनके शहादत के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम व उद्बोधन कार्यक्रम शाला प्रांगण में दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम मेधावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, पौधा रोपण, स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। शहीद दुर्वासा लाल के पिता मुनीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद देवरी

### सांसद ने देवरी ख में विकास के लिए 5 लाख की घोषणा की











ख का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद, मोहन मंडावी पूर्व सांसद, पवन साहू अध्यक्ष भाजपा, सोना देवी मान सिंह देशलहरा अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विरेन्द्र साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत बालोद, एमके राठी संस्थापक अध्यक्ष, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ, भिलाई-दुर्ग,दुष्यंत सोनवानी, मंडल अध्यक्ष, भाजपा हरप्रीत सिंह, ठाकुर राम चन्द्राकर, बिजेश सिंह, नमिता हाण्डा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालक श्री जीवन लाल चंद्राकर शिक्षक द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि देवरी गांव के नाम को और प्रदेश में उजागर करेंगे। इस अमर शहीद के नाम से गांव में विकास के लिए 5 लाख की स्वीकृति दी गई और तांदुला नदी जो देवरी ख से तिरखैरी जाने के लिए बढ़ा पुलिया बनाने केंद्र सरकार से मांग करने का आश्वासन दिया गया।

आयोजन

एक दिन पहले हुआ करुभात भोज

# तीजहारिनों ने की भगवान भोलनाथ की महा आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा





ग्राम कुसुमकसा में इस वर्ष भी तीजहारिन सुहागिन को सामूहिक रूप से करू भात खिलाकर श्रृंगार वितरण किया गया। संध्या 7 बजे भगवान भोलेनाथ की महा आरती की गई, जिसमें बहुत सारे लोग आरती पूजन में सम्मिलित होकर स्तुति वंदन में भाग लिए। करु भात के इस आयोजन में तीजहारिन नारियों ने अपने सखी सहेलियों से मिलकर आनंद की अनुभूति प्राप्त की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है अपनी संस्कृति को बचाए रखना और लोगों को संस्कृति और परिवेश से जोड़कर रखना है। तीज पर्व को सहेज कर रखना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच शिवराम सिंद्रामें, संजय बैस जनपद सदस्य, उप सरपंच दीपक यादव, शंकर लाल पिस्दा, राय सिंह लेड़िया, नंदकिशोर पिस्दा, गोविंद सिन्हा, गौरी शंकर साहू, सुरेश कोठारी, राजू सिन्हा, रवि यादव, हितेश गुप्ता, वीरेंद्र डड़सेना, लखन गिरी गोस्वामी, रजनू धनकर, टीकम लाल साहू, हुमन कौशिक, पतिराम चुरेंद्र आदि मौजूद थे।







### तीज महोत्सव पर महिलाओं ने खाया एक साथ करूभात

**अंडा।** ग्राम पंचायत परसदा(डंगनिया) में आयोजित तीज महोत्सव में समूचे ग्राम की महिलाओं को करू भात खिलाया गया। इस वर्ष भी परसदा में माध्यमिक स्कूल प्रांगण में शाम 7 बजे से करुभात का आयोजन, समस्त ग्रामवासी व सरपंच के तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप साहू के नेतृत्व में विनोद साहू, बीरेंद्र, पप्पू राजकुमार, किशोर साहू, कमलेश साहू, नारद देशलहरे, अजय हिरवानी, सेवा सहकारी समिति से संतराम साहू, भारत यादव, किरण साहू, जगदेव साहू, नारद साहू, शिव साहू(अध्यक्ष युवा समिति) राजेन्द साहू, महेन्द साहू टकेश्वर साहू, नीलाम्बर साहू, विक्की रोमन,भूपेश,योगेंद्र,ओंकार साहू, ओपी साव, हिमांशु चंद्राकर, भक्तुराम, संतोष विश्वकर्मा, संतोष साहू व समस्त ग्रामवसियों का सहयोग रहा।

### तीजा के लिए महिलाओं ने खाया सामूहिक करू भात

**लाटाबोड़।** तीज पर्व पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सुहाग की सलामती की कामना के साथ महिलाएं व्रत रखी। निर्जला व्रत रखने के एक दिन पूर्व करू भात खाया गया। गुरुवार को ग्राम ढूंडेरा में ससुराल से मायके आई बेटियों को सामूहिक रूप से करुभात खिलाया गया, इसके बाद उपवास शुरू हुआ। शुक्रवार को भी महिलाओं का मायके से आने-जाने का क्रम चलता रहा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बस स्टैण्ड, आटो स्टैण्ड में तीजहारिनों की भीड़ लगी रही। दोपहिया वाहन, कार और अन्य वाहनों में शाम तक आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं पूजा और सुहागन सामग्रियों के साथ फल, सब्जी को खरीदने भीड़ लगी रही। तीज पर्व मनाने से पहले गुरुवार को महिलाओं में जमकर खरीददारी की। सुबह से ही बाजार में रौनक बनी रही। कांच की चूड़ियां और सुहागन साज-श्रृंगार की वस्तुओं की खरीददारी को लेकर बाजार में महिलाओं की भीड़ देखी गई।

## शाला प्रबंधन समिति के गठन पर हुआ सम्मान समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के गठन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

अतिथियों ने कहा कि विद्यालय हमारे परिवार का एक हिस्सा है, सबके सहयोग से ही शाला का संचालन सुसंचालन में बदलता है। संस्था प्रभारी चमन कलिहारी ने कहा कि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अभिभावकों व शिक्षकों की भागीदारी को मजबूत करती है। शिक्षक की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्कूल प्रशासन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाने में यह व्यापक और साझा निर्णय लेने के लिए आधार तैयार करती है।

कार्यक्रम में अकबर सिह कुंजाम, कोमल सिंह यारदा, भूषण नेताम, अमेरिका साहू, पंचराम प्रजापति, लिखेंद्र सिंहा, प्रमोद कुमार अवस्थी, प्रमोद सिंह ठाकुर, शोभित पटेल, प्रयागराज ठाकुर एवं ममता उपस्थित थे।

## उद्योग मंत्री से मिले राकेश, सोरर को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने की मांग



**बालोद।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने छत्तीसगढ़ सरकार के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से भेंट कर संजारी बालोद विधानसभा के ग्राम पंचायत सोरर को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने की मांग की। राकेश यादव ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में बालोद हमेशा उपेक्षित रहा है, जिसके कारण यहा के शिक्षित बेरोजगार एवं युवा उद्यमियों को बाहर अन्य शहरों में जाकर भटकना पड़ता है। यादव ने बताया कि विधानसभा बालोद के ग्राम पंचायत सोरर विकासखण्ड गुरुर में 25 एकड़ भूमि उद्योग के लिए उपलब्ध है। उक्त भूमि का उपयोग औद्योगिक क्षेत्र हेतु किया जा सकता है, जिससे यहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## लघु व सूक्ष्म उद्योगों के साथ ग्रामीण उद्योगों को भी बढ़ाने के करें उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने व्यापार एवं उद्योग विभाग की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद को शासन की ओर से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध स्वीकृत प्रकरण एवं उसकी भौतिक उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों एवं बैंकर्स को जिले में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के साथ ग्रामीण उद्योगों को भी बढ़ावा देने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बालोद जिले की परिस्थिति एवं मांग के अनुरूप हाथकरघा आदि व्यापार व्यवसाय को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपाय करने को कहा।

- व्यापार एवं उद्योग विभाग की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों व बैंकर्स को दिए निर्देश

बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों के अलावा बैंकर्स उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में संचालित सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, फूड पार्क, औद्योगिक क्षेत्र आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आदि के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए इन योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

### विश्वविद्यालय से सटे दो मंजिला कैफे में आग से हड़कंप

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र स्थित रविशंकर विश्वविद्यालय के गेट से सटे एक कैफे में दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। आग की चपेट में आने से दो मंजिला कैफे पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह गैस सिलेंडर में लीकेज होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस के मुताबिक यूनिवर्सिटी के गेट के पास दो मंजिला बंक क्लास कैफे है। कैफे में आग लगने की घोटना दोपहर तीन से साढ़े बजे के बीच की है। घटना के समय कुछ लोग कैफे के अंदर मौजूद थे। कैफे के अंदर धुंआ निकलते देख वहां उपस्थित लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कैफे के अंदर जो लोग थे, वे आनन-फानन में कैफे से बाहर निकले और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के पहले कैफे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया था और देखते ही देखते कैफे पूरी तरह से जल गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024, 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 02 मई से 16 मई 2025
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर